खबर संक्षेप

## नहीं रहे श्री एल.आर. लखेरा



**मण्डला।** श्री लालूराम लखेरा (पुत्र स्व. श्री रामचरण लखेरा), सेवानिवृत्त स्टेनो टू कलेक्टर, का लंबी बीमारी के बाद कल एम्स अस्पताल भोपाल में निधन हो गया। उनके निधन से परिवारजनों, रिश्तेदारों एवं परिचितों में शोक की लहर है। स्वर्गीय श्री लखेरा सरल, कर्मठ एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। शासकीय सेवा के दौरान उन्होंने निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया, जिसके लिए वे सदैव सम्मानित रहे। उनकी अंतिम यात्रा कल 30 जनवरी 2026, शुक्रवार को दोपहर 2:00 बजे निज निवास बिंझिया चौराहा स्थित घर से खैरी मुक्तिधाम ले जाई गई जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकगण, समाजसेवी, नर्मदा भक्त एवं शासकीय कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने मृतक श्री लखेरा को नम आंखों से भावभीनी विदाई दी। श्री लखेरा अपने पीछे शोकाकुल परिवार में माताजी श्रीमती अनोखी बाई लखेरा, पत्नी श्रीमती नीता लखेरा, पुत्र अभिषेक लखेरा एवं अपूर्व लखेरा तथा भाई परसराम, तुलीराम, प्रमोद और प्रवीण सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में मण्डला का जलवा

# सभी 7 खिलाड़ियों ने जीते पदक

*** रैंकिंग राउंड में भी किया शानदार प्रदर्शन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत 27 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय तीरंदाजी खेल प्रतियोगिता में तीरंदाजी सहायक प्रशिक्षण केंद्र मण्डला के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में प्रशिक्षण केंद्र मण्डला के चार खिलाड़ियों ने सहभागिता कर शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किए।

इंडियन राउण्ड विधा में मण्डला के खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। आदित्य हरदहा, आदित्य सिकंदरपुर और शैलेंद्र तिवारी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

वहीं इंडियन राउण्ड एकल स्पर्धा में भी मण्डला के खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। आदित्य हरदहा ने उत्कृष्ट निशानेबाजी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, शैलेंद्र तिवारी ने द्वितीय स्थान और आदित्य सिकंदरपुरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



इस के अतिरिक्त रैंकिंग राउण्ड में भी मण्डला के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें आदित्य सिकंदरपुर ने द्वितीय स्थान और आदित्य हरदहा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी निरंतरता को सिद्ध किया।

कम्पाउण्ड राउण्ड में भी मण्डला के खिलाड़ी पीछे नहीं रहे। इस वर्ग में शांतनु सिंह राजपूत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया, बालिका कम्पाउण्ड वर्ग में कु. पारूल नंदा ने तृतीय स्थान प्राप्त जिले को एक और पदक दिलाया।

रिकर्व राउण्ड विधा में दिपांशु नंदा ने प्रथम स्थान और हरि ठाकुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्रशिक्षक जसवंत अहिरवार ने बताया कि तीरंदाजी सहायक प्रशिक्षण केंद्र मण्डला की इंडियन राउण्ड टीम वर्ष 2018 से लगातार मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान पर अपना दबदबा बनाए हुए है। उन्होनें बताया कि जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री विकास खराड़कर के मार्गदर्शन में तीरंदाजी केंद्र निरंतर नई ऊंचाईयों को छू रहा है और खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं सुविधाएं प्राप्त हो रही है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी द्वारा खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित की गई। हैण्डबाल प्रशिक्षक सुश्री सोना दुबे, खो-खो प्रशिक्षक आकाश खत्री, अरविंद पटले, शशांक मिश्रा, रामवती परते, करूणा मर्सकोले, गंगाराम मरावी, पंकज उसराठे, त्रिलोक डोंगरे, रामनाथ धुर्वे युवा समन्वयक, मोहन ठाकुर, अफसार खान, पुरूषोत्तम नेताम, उमेश नंदा, सुमन सोयाम, हरिओम यादव, ओम राऊत सहित अन्य खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों ने बधाई दी।

## महाराजपुर तीर्थ संगम में नर्मदा पुराण का आयोजन



*** पंच चौकी महाआरती के एक वर्ष पूर्ण होने पर पुराण का आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

महाराजपुर स्थित पवित्र नर्मदा तीर्थ संगम में पंच चौकी महाआरती के एक वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर नर्मदा पुराण का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन संतोषी माता घाट स्थित टीन शेड में मां रेवा सेवा समिति एवं नर्मदा भक्तों के सहयोग से आयोजित है। नर्मदा पुराण का शुभारंभ बूढ़ी माई माता मंदिर से निकाली गई कलश यात्रा के साथ किया गया। इसके पश्चात विधिवत नर्मदा पुराण का वाचन प्रारंभ हुआ। पुराण वाचन पंडित रंजीत दुबे द्वारा किया जा रहा है। प्रतिदिन प्रातः 5:30 बजे से पुराण का संस्कृत पाठ एवं दोपहर 2 बजे से संगीत मय हिंदी पाठ किया जा रहा है। यह आयोजन 28 जनवरी से प्रारंभ होकर 3 फरवरी तक चलेगा। पंडित रंजीत दुबे ने बताया कि स्कंद पुराण के अंतर्गत रेवाखंड में मां नर्मदा की महिमा, उनके दिव्य स्वरूप एवं आशीर्वाद का विस्तार से वर्णन किया गया है। मां नर्मदा को रेवा, मेकलसुता, पापमोचनी एवं शंकरी जैसे नामों से भी जाना जाता है। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ आध्यात्मिक चेतना एवं पवित्र नदियों के महत्व को भी रेखांकित करता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नर्मदा तट पर नर्मदा पुराण के श्रवण से भक्तों को आध्यात्मिक शांति एवं सुख समृद्धि के साथ जीवन के लिए प्रेरक संदेश प्राप्त होते हैं। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में विगत एक वर्ष से मां नर्मदा को समर्पित पंच चौकी महाआरती माहिष्मती घाट की तर्ज पर नियमित रूप से की जा रही है। इस दौरान महाआरती के साथ भंडारे, घाट सफाई, दीपदान, सुंदरकांड पाठ मातृशक्तियों द्वारा सुहागलें सहित अनेक धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन संपन्न हुए हैं। आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालुओं एवं नर्मदा भक्तों से नर्मदा पुराण में सहभागिता कर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### मिश्रा परिवार ने शाला प्रांगण में बच्चों को किए कंबल वितरण



**भुआबिछिया।** वनवासी विकास परिषद् महाकौशल जिला इकाई मंडला एकलव्य बालक छात्रावास घुटास रोड बिछिया में विगत दिवस श्रीमती कुसुम देवी मिश्रा ने अपने पति स्व, देवेंद्र मिश्रा के पुण्यतिथि के अवसर में अध्ययनरत 28 बच्चो को कम्बल वितरण किया जिसमे छात्रावास समिति अध्यक्ष आजाद कुमार चौबे अपनी धर्मपत्नी के साथ उपस्थित रहे एवं छात्रावास पालक गुलजार सैयाम अधीक्षक गुरुदेव की उपस्थिती में सभी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

### शहीदों की स्मृति में रखा गया दो मिनिट का मौन

**मण्डला।** 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में जिला प्रशासन द्वारा दो मिनिट का मौन रखा गया। इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, सचिन जैन सहित कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्टॉफ उपस्थित था।

## बम्हनीबंजर में हुआ हिंदू सम्मेलन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

बम्हनीबंजर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए मां खेरमाई मंदिर से निकल गई भव्य शोभायात्रा जिसमें झांकियां की प्रस्तुति भी गई।

सम्मेलन का उद्देश्य सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और सामाजिक एकता को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हिंदू समाज को संगठित रहकर अपनी परंपराओं संस्कारों और संस्कृति की रक्षा करनी चाहिए उन्होंने युवाओं से धर्म, शिक्षा और सेवा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया साथ ही सामाजिक कुरीतियों को दूर करने आपसी भाईचारे को बढ़ाने और राष्ट्रहित में कार्य करने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुए, जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा सम्मेलन के अंत में समाज की एकता और देश की समृद्धि के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई।

### जिला चिकित्सालय मंडला को मिले 5 लाख रुपये के अत्याधुनिक चिकित्सीय उपकरण

**मण्डला।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में आईडीबीआई बैंक ने एक सराहनीय पहल की है। बैंक के सौजन्य से जिला चिकित्सालय मंडला को लगभग 5 लाख रुपये मूल्य के अत्याधुनिक चिकित्सीय उपकरण प्रदान किए गए, जिससे अब क्षेत्रीय मरीजों को बेहतर और त्वरित उपचार की सुविधा मिल सकेगी। शुक्रवार को जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में इन उपकरणों का औपचारिक हस्तांतरण किया गया। प्रदान किए गए उपकरणों में मल्टीपैरा मॉनिटर मशीन, सीपीएपी मशीन, ओटी ड्रिल मशीन, इलेक्ट्रिक सक्शन मशीन तथा डबल डोर रेफ्रिजरेटर शामिल हैं, जो आपातकालीन एवं गंभीर रोगियों के उपचार में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। उल्लेखनीय है कि यह सहयोग रोगी कल्याण समिति के सदस्य डॉ. संजय तिवारी के विशेष प्रयासों एवं आईडीबीआई बैंक के प्रबंधक श्री विनोद पिल्ले के सक्रिय सहयोग से संभव हो सका। इससे पूर्व भी बैंक द्वारा जिला चिकित्सालय को 2.5 लाख रुपये की ऑडियोमेट्री मशीन प्रदान की जा चुकी है। कार्यक्रम के दौरान बैंक प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी जिला चिकित्सालय एवं रोगी कल्याण समिति को इसी प्रकार का सहयोग निरंतर दिया जाता रहेगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहंती, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे, डॉ. संजय तिवारी, डॉ. प्रवीण उइके सहित अस्पताल का समस्त चिकित्सा स्टाफ उपस्थित रहा।

## शासण एकीकृत हाई स्कूल ग्वारी में पाँच दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



ग्राम पंचायत ग्वारी स्थित शास. एकीकृत हाई स्कूल ग्वारी में दिनांक 27 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक कैरियर मेला एवं कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन रखा जाना हैं कार्यक्रम का उद्देश छात्र दृ छात्राओ को सही दिशा में करियर चयन, आत्मविश्वास एवं जीवन कौशल विकसित करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना हैं। कार्यक्रम के प्रथम दिवस शाला के प्रभारी प्राचार्य घनश्याम प्रसाद सिंगौर, उण्माण्शि एनएस मरकाम, सुनील कुमार यादव, श्रीमती दर्शना सराफ़ के साथ साथ उश्रेशि श्रीमती सविता श्रीवास तथा समस्थ शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के प्रथम दिवस मे उमाशि एनएस मरकाम के द्वारा छात्र छात्राओ को सरल एवं प्रेरणादायक शब्दों में संबोधित किया गया जिसमे कैरियर मेला एवं कैरियर काउंसलिंग का परिचयए शैक्षणिक संकाय की जानकारीए स्थानीय उद्योग एवं संस्थान का संक्षिप्त परिचय सामिल था। इस कार्यक्रम के दूसरे दिवस उमाशि एसके यादव के द्वारा छात्र छात्राओ को कौशल शिक्षा के प्रति कौशल आधारित पाठ्यक्रमों की जानकारी, पॉलिटेक्नीक एवं व्यावसायिक शिक्षाके विषय मे जानकारी तथा संकाय चुनाओ के विषय मे सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इसी तरह तीसरे दिन उमाशि श्रीमती दर्शना सराफ़ द्वारा बच्चों को शासण सेवाओ तथा उच्च शिक्षा के विषय मे जानकारी प्रदान की गई इसी क्रम मे चतुर्थ दिवस जिला स्तरीय कैरियर काउन्सलर श्री अखलेश उपाध्याय ने विद्यालय मे अध्यानरत छात्र छात्राओ को तकनीकी शिक्षणिक संस्थानों की जानकारी दी एवं भविष्य मे रुचि ओर क्षमता के अनुसार आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दिया।

**समीक्षा** | पीएचई मंत्री ने मण्डला में की समीक्षा बैठक।

# जल गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से हो पालन

*** जमीनी स्तर पर आ रही चुनौतियों की विस्तृत समीक्षा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति, जमीनी स्तर पर आ रही चुनौतियों की विस्तृत समीक्षा के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मंडला में समीक्षा बैठक ली।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पेयजल योजनाओं को पंचायतों को हस्तांतरित किए जाने के बाद उनका प्रभावी संचालन एवं नियमित अनुरक्षण अत्यंत आवश्यक है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति बनी रहे। उन्होंने पंचायतों की भूमिका, स्थानीय सहभागिता और तकनीकी सहयोग को जलापूर्ति व्यवस्था की स्थिरता का आधार बताया। बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा गया कि ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए कहीं भी पेयजल संकट उत्पन्न न हो, इसके लिए अभी से ठोस और समन्वित कार्ययोजना पर अमल किया जाए।

उन्होंने बैठक में निर्देशित किया कि जिले में समर्पित कंट्रोल रूम तैयार कर 24×7 निगरानी सुनिश्चित की जाए। सूचना तंत्र को सशक्त बनाएं। शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए हेल्पलाइन, डिजिटल माध्यमों को सक्रिय किया जाए। संभावित जल संकट वाले क्षेत्रों की पहचान कर वैकल्पिक स्त्रोत, टैंकर व्यवस्था और मरम्मत कार्य समय से पूरे किए जाएं। संचालन एवं रखरखाव के लिए पंचायत स्तर पर क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता दी जाए। फील्ड स्तर की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा कर जिम्मेदारी तय की जाए।

मंत्री श्रीमती उइके ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पेयजल योजनाएं पूर्ण क्षमता से संचालित रहें, लीकेज, ब्रेकडाउन की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई हो और जल गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। बैठक में ईईपीएचई श्री मनोज भास्कर, इंजीनियर, सब इंजीनियर, जल संसाधन के उपयंत्री सहित पीएचई विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक (जिला रोगी कल्याण समिति) मण्डला**

क्रमांक/जिरोकस/2026/245 — मण्डला, दिनांक. 30.01.2026

जिला चिकित्सालय मण्डला में वर्ष 2026-27 (दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक) के लिये सायकिल/स्कूटर/ऑटो/कार स्टेण्ड हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | प्रवर्ग का संक्षिप्त विवरण | निविदा प्रपत्र मूल्य | अमानत राशि एफडीआर (सावधि जमा ) | निविदा प्रपत्र क्रय का दिनांक व समय | निविदा प्रपत्र जमा करने/खोलन का दिनांक व समय निविदा प्रपत्र जमा करने की |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला चिकित्सालय मण्डला में सायकिल/ स्कूटर/ऑटो/कार स्टेण्ड का ठेका | 1000.00. | 40000.00 | दिनांक 02.02.2026 से दिनांक 16.02.2026 तक कार्यालयीन समय में सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक | अंतिम तिथि 25.02.2026 को दोपहर 3 बजे तक एवं निविदा खोलने का दिनांक 26.02.2026 को सायं 4 बजे से |

निविदादाता निर्धारित शुल्क रूपये 1000 शब्दों में एक हजार रूपये मात्र जिला चिकित्सालय मण्डला के कक्ष क्रमांक 20 (जिला रोगी कल्याण समिति) में अवकाश दिनों को छोड़कर नगद जमा कर रसीद एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं।

सचिव

जिला रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय मण्डला (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### आज परशुराम कल्याण वोर्ड अध्यक्ष का होगा आगमन

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** परशुराम सेना जिला अध्यक्ष मुकेश बसेड़िया द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि आज 31 जनवरी दिन शनिवार को परशुराम कल्याण वोर्ड म. प्र. शासन के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त पं. विष्णु राजौरिया का गाडरवारा नगर आगमन हो रहा है। जिनका धर्म संस्कृति पर उदबोधन के बाद 4 बजे सम्मान किया जावेगा। इस मौके पर बसेड़िया द्वारा सभी सनातन बंधुओं से नगर के शांतिदूत होटल में मौजूद रहने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।



### शहर में फैल रही मच्छर जानित बीमारियॉं

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** ठंड के मौसम स्वास्थ्य के लिए बेहतर माना जाता है किन्तु इस वर्ष चल रहे जनवरी माह मे मौसम संक्रमण वाला रहने की स्थिति में कड़ाके की ठंड के बीच मच्छरों की आवाज कानों में सुनाई देना निश्चित तौर साफ सफाई व्यवस्था पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है..? वही दूसरी ओर आमजन के जनस्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। बताया गया है कि फिलहाल चल रहे अजीब मौसम के कारण सर्दी, जुकाम, हाथ पॉव मे जकड़न, बुखार, खॉसी को मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है और मच्छरजानित बीमारियॉं तैजी से फैल रही है। नगर के चिकित्सकों ने बताया कि आमतौर पर ठंड के मौसम में पहले कम लोग इसलिए बीमार पड़ते थें क्योंकि शीतऋतु मे स्वाभाविक तौर पर भूख प्रबल होने तथा सुकून देने वाली नींद आने से लोगों का स्वास्थ्य इतना बेहतर हो जाता था कि उन्हें डाक्टरों की सेवाएँ लेने की आवश्यकता ही नही पड़ती थी, किंतु आश्चर्य की बात है कि इस समय पड़ रही तेज ठंड के बीच मच्छरों के चलते लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे है और मरीजों से अस्पताल भरे हुए है। उन्होंने कहा कि शहर की गंदगी में रोज पनप रहे मच्छरो, खानपान में असाबधानी और ठंड, गर्मी से मिले जुले प्रभाव से आमजनों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। इसलिए जरूरी है कि लोग अपने घरों के आसपास की सफाई व्यवस्था ठीक रख अनचाही बीमारियों से निजात पायें।

### आमगांव छोटा में आयोजित हुआ तेजस्वी मेला



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम आमगांव छोटा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित विद्यार्थियों में उद्यमशीलता बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाने वाली योजना के तहत तेजस्वी मध्यप्रदेश के अंतर्गत मेला/ प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेले मे विद्यालय के प्राचार्य मोहन मुरारी दुबे और तेजस्वी कार्यक्रम के नोडल शिक्षक अशोक कुमार झारिया के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने घर में पड़ी हुई अनुपयोगी सामग्री का उपयोग कर विभिन्न उपयोगी वस्तुओं का निर्माण किया। जिन्हे बाजार में बेचकर धन अर्जित किया जा सकता है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य दुबे ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में उद्यमशीलता का विकास होता है और भविष्य में वे केवल नौकरी पर निर्भर न रहकर स्वयं का उद्यम स्थापित कर सकते हैं। इस मौक़े पर विद्यालय स्टॉफ एवं स्कूल के छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

### म प्र कर्मचारी संघ ने किया स्कूल शिक्षा मंत्री का आभार

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** प्रदेश के कर्मचारी हितेषी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश के लाखों शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान तृतीय क्रमोन्नत एवं अर्जित अवकाश गृह भाड़ा जैसी लंबित मांगें पूरी करने पर। कर्मचारी संघ द्वारा विगत दिवस स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय सिंह की निज विधानसभा गाडरवारा के शास उच्च माध्यमिक विद्यालय रायपुर में निशुल्क साईकिल वितरण एवं अतिरिक्त कक्षों के भूमिपूजन कार्यक्रम में संघ के जिला सचिव भीकम सिंह कौरव की अगुवाई में शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए गर्म जोशी से स्वागत एवं आभार अभिनंदन किया गया।

# शासकीय भूमि पर सरकारी विज्ञापनों की जगह निजी विज्ञापनदाताओं के होडिंग्स ने किया अतिक्रमण, शासन की योजनाओं के विज्ञापन मात्र कोने की दीवारों तक हो गये सीमित...







**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि प्रशासन का आदेश संपूर्ण जिले के लिये माना जाता है और यदि किसी अधिकारी द्वारा कोई आदेश जारी होता है तो वह संपूर्ण जिले में लागू रहता है। मगर शासकीय भूमि पर लगे हुये होर्डिंग्स को हटाने की कार्यवाही मात्र जिला मुख्यालय तक ही सीमित रहना चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है..? नगर यदि इस समय देखा जावे तो अवैध रूप से सड़को के किनारे जिस तरह से होडिंग्स की भरमार देखी जा रही है वह यातायात में बाधा पहुंचाने से नही चूक रही है। सच्चाई इस तरह से बनी है कि सरकारी भूमि पर जहां निजी विज्ञापन दाता अपना अधिपत्य समझते हुये होर्डिंग्स टागने में कोई कसर नही छोड़ रहे है तो दूसरी ओर शासन की योजनाओं से संबंधित विज्ञापन मात्र कार्यालयों के कोने की दीवारों तक सीमित होकर रह गये है। जबकि शासन द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं को जिन स्थानों पर प्रचार प्रसार के लिये होडिंग्स स्थापित होना चाहिये थें। मगर उन स्थानों पर निजी विज्ञापन दाताओं द्वारा अपना कब्जा जमाते हुये दुकानों से लेकर अपने जन्म दिनों के नियम विरूध होर्डिंग्स लगाये जा रहे है। स्थानीय स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी के चलते नगर की सरकारी भूमि पर इस तरह होर्डिंग्स लगाने वालों के हौसले बुलंद होने के साथ साथ वह हर माह लाखों रूपया की राशि कमाते हुये अपनी जेबे भरने में कोई कसर नही छोड़ रहे है..? नियमों को दर किनार करते हुये नगर में जहां तहां लगे हुये होर्डिंग्सो की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो हाल यह बना हुआ है कि स्थानीय अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है। वह पूर्णरूप से यातायात में बाधक बनने के साथ साथ मनमानी करने वालों के हौसलों को बुलंद बनाने से नही चूक रहा है तो दूसरी ओर नगर में जहां तहां लोगों द्वारा अपने निजी स्वार्थ के चलते लगाये जाने वाले यह होर्डिंग्स नगर की सुन्दरता को ग्रहण लगाने में भी कोई कसर नही छोड़ रहे है। जबकि नियम के अनुसार बताया जाता है कि नगर पालिका क्षेत्र में जब कोई होर्डिंग्स स्थापित किये जाते है तो उनकी नगर पालिका द्वारा अनुमति प्रदान की जाती है और उसके बदले में नगर पालिका द्वारा होडिंग्स लगाने वालों से निर्धारित शुल्क लिया जाता है। वही होडिंग्स लगाते समय इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाता है कि होडिंग्स इस तरह के स्थान पर स्थापित किये जावे जिससे किसी को परेशानी या फिर वाहन चलाने वालों को दिक्कत पैदा न करे..? मगर इस समय नगर की स्थिति इस तरह से देखी जा रही है कि जिसमें मन में जहां आता है वहां पर अपने होडिंग्स खड़े कर दिये जाते है और इस तरह मनमानी के चलते जहां संपूर्ण नगर के मुख्य मार्ग होडिंग्सों से भरे पड़े हुये है जिसके चलते यह होडिंग्स यातायात में बाधक बनने से नही चूक रहे है। जबकि इस तरह अवैध होडिंग्सों को लेकर कुछ साल पहले मा. उच्च न्यायालय द्वारा जहां तहां लगे हुए होडिग्स पर नपा प्रशासन को आदेश देते हुए कार्यवाही किये जाने का आदेश जारी किया गया था जिसके चलते तत्कालीन जिला कलेक्टर द्वारा भी इस तरह मनमाने स्थानों पर स्थापित किये गये होडिंग्सों को हटाने के लिये आदेश दिये गये थें। वही शहरों में शासकीय भूमि पर स्थापित किये जाने वाले होडिंग्सों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होते हुये देखा जाने लगा था। मगर अब इस सच्चाई को स्थानीय स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जिस तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है उसका परिणाम है कि शहर की सड़के नियम विरूद्व लगे हुये होडिंग्सों के चलते भरी पड़ी हुई है जिन्हें अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन देखते हुये निकलने के बाद भी उनकी चुप्पी सबालों को जन्म देने से नही चूक रही है। नगर की सच्चाई पर गौरर किया जावे तो इस समय शहर की लगभग सभी सड़को के किनारे जिस प्रकार से होडिंग्सों की भरमार देखने मिल रही है उसके चलते आमजन को काफी परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है तथा अधिकारियों की चुप्पी के चलते इस तरह मनमानी करने वालों के होसले लगताार बुलंद रहने की स्थिति में इन होडिंग्सों की संख्या में प्रतिदिन इजाफा होने से नही चूक रहा है। सड़को कि किनारे लगाये गये बड़े बडे होडिग्सों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि सड़कों पर यह सामने दिखाई देने वाली जगह को इस प्रकार से घेर लेते है कि वाहन चालक को सामने से आने वाला दूसरा वाहन ही दिखाई नही देते है जिसके चलते सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति निर्मित होने से इंकार नही किया जा सकता है? वही दूसरी ओर जब वाहन चालक शहर के अंदर अपने वाहन को चला रहा होता है तो उसका ध्यान सड़क किनारे लगे हुये होडिग्सों पर होने के कारण दुर्घटना की संभावना बनने से नही चूक रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई जिला मुख्यालय पर भी देखने मिल रही थी। इस सच्चाई को मिडिया द्वारा द्वारा उजागर किये जाने पर वहां के अधिकारियों द्वारा गंभीरता से लेते हुये इस तरह सड़क किनारे स्थापित किये गये होडिंग्सों के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन द्वारा सख्ती के साथ मुहिम चलाते हुये हाटने की कार्यवाही करते हुये नियम विरूद्व लगाये गये होडिंग्सों में उपयोग की गई सामग्री को भी जप्त किया गया है। मगर हैरत इस बात की है कि यह मुहिम मात्र जिला मुख्यालय तक सीमित होकर रह जाने के चलते नगर में नियम विरूध अवैध रूप से हा स्थापित करने वालों के हौसले बुलंद होते हुये देखने मिल रहे है तो दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर प्रशासन की भूमिका संरक्षण के मुद्रा में प्रतीत होने से नही चूक पा रही है..?

## सृष्टि सेवा संकल्प का अखिल भारतीय कार्यकर्ता विकास वर्ग नगर में हुआ संपन्न, संघ शताब्दी स्मृति वन का किया निर्माण






**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन "सृष्टि सेवा संकल्प" का तीन दिवसीय "अखिल भारतीय कार्यकर्ता विकास वर्ग" बीते हुये दिनों नगर के वृंदावन गार्डन में संपन्न हुआ। बताया जाता है कि इस वर्ग में सात राज्यों एवं करीब 40 जिलों से चयनित कार्यकर्ताओं ने मौजूद रहते हुये इस वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त किया। उद्‌घाटन सत्र में दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय सचिव अभय महाजन ने संगठन के विस्तार पर कार्यकर्ताओं के गुणों पर प्रकाश डाला और कहा कि समर्पण अनुशासन और कुशल कार्य शैली एक अच्छे कार्यकर्ता के गुण होते हैं जिससे संगठन का विस्तार होता है। उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर माननीय न्यायमूर्ति श्री आनंद पाठक ने पर्यावरण संरक्षण पर संवैधानिक पहलुओं पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा ग्वालियर के तीन बंजर पहाड़ों को हरा भरा कर करीब 26 हजार पौधे रोपित कर दिए गए। वही आयोजित किये गये वर्ग में प्रदर्शनी का उद्‌घाटन भी किया गया जिसमें सृष्टि सेवा संकल्प के द्वारा किए गए कार्यों का विस्तार से चित्रण किया गया था। वर्ग के दूसरे दिन समाज जनों को आमंत्रित कर उनके बीच कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में नीम करोली धाम के संस्थापक प्रमोद झा ने पर्यावरण को अध्यात्म से जोड़कर हिंदू धर्म में पर्वतों नदियों और पेड़ों का महत्व बताते हुये उन्होंने आगे कहा कि आज पर्यावरण सबसे ज्वलंत मुद्दा बन चुका है। परंतु उस ओर लोगों का ध्यान नहीं है लगातार हम पर्यावरण को प्रदूषित करते जा रहे हैं और आने वाले समय में इसके घातक परिणाम साबित हो सकते हैं। पौधा रोपण एक इवेंट बन कर रह गया है। इससे हम पर्यावरण संरक्षण नहीं कर पाएंगे पर्यावरण बचाने के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल के आलवा क्षेत्र के उद्योगपति विनीत माहेश्वरी, चेतन लूनावत, डॉक्टर स्वाति कुरचनिया, बसंती पालीवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। वर्ग के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा पर्यावरण शोभायात्रा भी निकाली गई जिसमें नगर के लोगों द्वारा यात्रा का फूलों से स्वागत किया गया। सृष्टि सेवा संकल्प के कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर नीलकुंड घाट पर संघ शताब्दी स्मृति वन का निर्माण किया गया। जहां पर लगभग सौ वृक्ष जिसमें फलदार,औषधीय एवं छायादार वृक्षों को रोपित किया गया। वर्ग में संगठन की निर्वाचन प्रक्रिया भी पूर्ण की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष अंशुमान सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री रितेश तिवारी, आनंद ठाकुर, प्रदेश मंत्री आशीष ठाकुर को निर्वाचित किया गया। वर्ग का कुशल संचालन विपिन सुगंधी, आशीष सोनी, सुनील श्रीवास्तव, रोहित ढिमोले, आशीष नीखरा, सौरभ रैकवार, संदीप साहू द्वारा किया गया।

## अनुभूति कार्यक्रम के तहत छात्र छात्राओं को कराया गया जंगल क्षेत्र का भ्रमण





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** वन परिक्षेत्र गाडरवारा में वन संरक्षक सुश्री संध्या के दिशा निर्देश अनुसार वन मंडल अधिकारी सुश्री कल्पना तिवारी के मार्गदर्शन में बीते हुये दिनों प्रथम अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर के शासकीय कन्या शाला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूखा खैरी एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के कुल 126 छात्र-छात्राओं सहित 12 शिक्षक की मौजूदगी में अनुभूमि कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इसी प्रकार से दूसरा अनुभूति कार्यक्रम के आयोजन में नगर के शासकीय पी ऍम श्री कन्या नवीन शाला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा के कुल 124छात्र-छात्राओं सहित 10 शिक्षक शामिल रहे। बताया जाता है कि कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान एवं सरस्वती वंदना के साथ की गई। इसके पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को अनुभूति किट प्रदान करते हुये अनुभूति प्रेरक संतोष कौरव एवं अमन खरे वनरक्षक के द्वारा कैंप स्थल पर अनुभूति की संक्षिप्त जानकारी दी गई। इस दौरान अनुभूति की थीम में भी बाघ, हम हैं बदलाव हम हैं तथा धरती के दूत की जानकारी गई। वही छात्र-छात्राओं को दो ग्रुप में बाटकर प्रकृति पथ पर वृक्षों झाड़ियां औषधीय पौधों वन्य प्राणियों की विस्टा पग मार्ग की पहचान कराने के साथ साथ उनकी उपयोगिता महत्व तथा उनका संरक्षण संवर्धन की जानकारी से अवगत कराया गया। दीमक की बामी से लेकर पक्षी दर्शन, सरीसृप आदि की जानकारी दी गई। वही साहसिक गतिविधियां खाद्य श्रृंखला थैला निर्माण प्रश्नोत्तरी एवं मिशन लाइफ के सिद्धांतों से परिचित कराया वन विभाग की संरचना प्रमुख दायित्व एवं चुनौतियों से अवगत कराया। इस मौके पर पुरस्कार वितरण एवं शपथ ग्रहण सामूहिक गीत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप वन मंडल अधिकारी गाडरवारा सुनील वर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश का पुस्कर एवं जनप्रतिनिधि नरेश कौरव भाजपा मंडल अध्यक्ष चीचली, अशोक मर्सकोले जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा, डॉक्टर चंद्रकांत गुप्ता, संतोष चौरसिया, हरि शंकर कौरव, बृजेश कौरव मंडल उपाध्यक्ष भाजपा चीचली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शिक्षक मधुसूदन को उत्कृष्ट कार्यो के चलते मिला सम्मान



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** निश्चित तौर से जब कोई शासकीय कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वाहन निष्ठा के साथ करता है तो उसका सम्मानित होना हौसले बढ़ाने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार से मधुसूदन को मिले सम्मान को देखते हुये प्रतीत होने से नही चूक रहा है। बताया जाता है कि बीते हुये दिनों नगर के रूद्र मैदान मे आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह मे ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे पदस्थ माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल को उत्कृष्ट कार्यों के लिए नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित अनुविभागीय अधिकारी कलावती ब्यारे एवं एसडीओपी दीलिप डागुर ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि शिक्षक पटैल गत वर्ष भी गणतंत्र दिवस पर सम्मानित हुए थे। इसके अलावा पटैल शिक्षाविद गिजु भाई सम्मान सहित पूर्व मे स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय पर तत्कालीन कलेक्टर सुश्री ऋजू बाफना से भी सम्मानित हो चुके है। उनके सम्मानित होने पर शिक्षक साथियों ने प्रसन्नता जताई है।

## कोठिया घाट चल रही 27 कुण्डीय श्रीराम मानस यज्ञ में भक्तों की उमड़ रही भीड, हरिकृपा एवं सतत प्रयासों से ही जीवन में मिलती हैं सफलता - वीरेंद्र शास्त्री





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** समीपस्थ पुण्य सलिला माँ नर्मदा के पावन तट ग्राम कोठिया घाट पर माँ नर्मदा जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष प्रारंभ हुए 28 वें 27 कुण्डीय श्रीराम मानस यज्ञ मे प्रतिदिन बड़ी संख्या मे श्रद्धालु पहुँचकर धर्मलाभ ले रहे हैं । इस मानस यज्ञ मे प्रतिदिन सुबह 8 से 2 बजे तक हवन पूजन सहित आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं किये जा रहे है। वही यज्ञ के साथ ही 18 पुराणों का वैदिक पूजन एवं विप्र जनों द्वारा निरंतर पाठ किया जाता है। यज्ञ मे कथा वाचक के रूप में पधारे हुये वीरेंद्र शास्त्री ने अपने मुखाबर बिंद से प्रचचन देते हुये कहा कि दक्ष प्रजापति की सभी पुत्रियां गुणवती थीं।फिर भी दक्ष के मन में संतोष नहीं था। वे चाहते थे उनके घर में एक ऐसी पुत्री का जन्म हो, जो सर्व शक्ति संपन्न हो एवं सर्व विजयिनी हो। अतः दक्ष एक ऐसी ही पुत्री के लिए तप करने लगे। तप करते-करते अधिक दिन बीत गए, तो भगवती आद्या ने प्रगट होकर कहा, 'मैं तुम्हारे तप से प्रसन्न हूं। तुम किस कारण तप कर रहे हो...? दक्ष ने तप करने का कारण बताया तो मां बोली मैं स्वयंपुत्री रूप में तुम्हारे यहां जन्म धारण करूंगी। मेरा नाम होगा सती। इस तरह हरिकृपा एवं जीवन मे अच्छे कर्मों से सफलता मिलती हैं। जिस व्यक्ति पर प्रभु की कृपा हो जाये वह हमेशा उन्नति करता हैं। प्रभु की भक्ति से ही उनकी कृपा मिलती हैं।

## मिलन समारोह के बीच वरिष्ठ नागरिकों का हुआ सम्मान



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर के प्रभु उपवन भवन लक्ष्मी टाउनशिप में बीते हुये दिवस गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मान विषय पर वरिष्ठ नागरिकों का मिलन कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बसंत डागा वरिष्ठ समाजसेवी के आलवा महेश नेमा पेंशनर समाज अध्यक्ष, सुरेंद्र साहू रोटरी क्लब अध्यक्ष, अजय खत्री व सीनियर एडवोकेट एच व्ही रफीक, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष आर सी जैन सहित नगर के अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा इस मिलन की मुक्त कंठ से सराहना की गई। वही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वृद्धावस्था के महत्व, अनुभवों की समृद्धि और समाज में वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका को रेखांकित करना रहा।इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी वंदना बहन ने वृद्धावस्था अनुभवों की खान विषय पर दिव्य एवं प्रेरणादायक उद्बोधन देते हुये उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था जीवन का वह चरण है, जिसमें अनुभव, संयम और आत्मिक शक्ति का भंडार होता है। जो समाज के लिए मार्ग दर्शक सिद्ध हो सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत में कुमारी अवनी द्वारा वरिष्ठजनों के सम्मान में मन मोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।

## सड़कों के किनारे लगातार बढ़ रही अतिक्रमण के चलते बन रही दुर्घटनाओं की संभावनाएं, प्रशासन बना अनजान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय नगर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण की सच्चाई इस प्रकार से देखी जा रही है कि नगर में खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर जिसे जहां मर्जी हो रही है वहां पर अपना कब्जा जमाने से नही चूक रहा है, इस प्रकार से नगर की मुख्य माने जाने वाली सड़कों के किनारे लोगों द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये किये जाने वाला अतिक्रमण आम लोगों की जिन्दगी के लिये पूर्ण रूप से खतरा साबित होने से नही चूक रहा है, मगर इस सच्चाई को जिस प्रकार से प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है वह चिंता जनक सच्चाई उजागर करने से नही चूक पा रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के प्रमुख माने जाने वाले वायपास मार्ग पर रिलांइस पेट्रोल पंप के पास देखा जा रहा है, जहां पर बताया जाता है कि किसी पंचर सुधारने वाले व्यक्ति द्वारा किया गया अतिक्रमण निश्चित ही किसी दिन कोई बड़ी घटना को अंजाम देने से नही चूक पायेगा? क्योंकि जिस जगह यह अतिक्रमण करते हुये दुकान बनाई गई है, उसी जगह वाहनों की आवाजाही के लिये प्रमुख स्थल इसलिये मानी जाती है कि जो वाहन कौड़िया की ओर से आता है वह घाट होने के कारण तेज गति से दौड़ते हुये आने से नही चूकता है, वही दूसरी ओर पेट्रोल पंप से जब कोई वाहन डीजल या पेट्रोल लेकर जब कौड़यि की ओर जाता है तो इस अतिक्रमण के चलते सामने से आने वाला वाहन उस समय तक दिखाई नही पड़ता है जब तक वह मुख्य मार्ग पर नही पहुंच जाता है और मुख्य मार्ग पर पहुंचते ही जब दूसरी ओर से तेज गति से आने वाले वाहन आमने सामने होते है तो वाहन को रोक पाना मुश्किल होने से नही चूकता है? वही दूसरी ओर जब इस दुकान पर कोई व्यक्ति पंचर जुडवाने या फिर हवा भरवाने के लिये रूकता है तो उसे भी मुख्य सड़क पर ही अपना वाहन खड़ा करना पड़ता है, इस स्थिति के चलते निश्चित ही यहां पर हुआ अतिक्रमण किसी दिन कोई बड़ी घटना का कारण बनने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

## खबर संक्षेप

### सत्ता के लालच में देश में घोला जा रहा नफरत का जहर-ऋषि तिवारी

**कोतमा।** कांग्रेस नेता ऋषि तिवारी ने केंद्र की वर्तमान भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि सत्ता के लालच में देश में नफरत का जहर घोला जा रहा है। तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश को बांटने की नाकाम कोशिशों को सुप्रीम कोर्ट ने रोककर लोकतंत्र की रक्षा की है। ऋषि तिवारी ने भाजपा की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इन्हें केवल सत्ता से प्रेम है। उन्होंने कहा धार्मिक ध्रुवीकरण कभी हिंदू-मुस्लिम के नाम पर, तो कभी भगवान राम के नाम का सहारा लेकर राजनीति की जा रही है, जबकि धर्म को राजनीति से दूर रखना चाहिए। अब यह सरकार भाइयों के बीच जाति का जहर फैलाकर सत्ता हासिल करने की फिराक में है। अपनी विफलताओं का दोष गांधी परिवार, नेहरू जी और दिग्विजय सिंह जैसे नेताओं पर मढ़ना भाजपा की पुरानी नीति रही है। यूजीसी कानून का जिक्र करते हुए तिवारी ने कहा कि नियम वर्तमान सरकार लागू करती है, लेकिन आरोप वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह पर लगाए जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समिति ने समानता के आधार पर जो सुझाव दिए थे, उन्हें दरकिनार कर सरकार हिटलरशाही चला रही है, जो जनता का सीधा अपमान है। आगामी चुनावों की ओर इशारा करते हुए ऋषि तिवारी ने जागरूक जनता से अपील करते हुए कहा कि हम सभी जाति के भाई एक हैं। जो बहरूपिया नेता देश और समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें आगामी चुनाव में सबक सिखाना बेहद जरूरी है। तिवारी ने कहा कि देश में निचली राजनीति से लेकर ऊपर तक फैला यह बहरूपियापन' चिंता का विषय है और यदि जनता अभी जागरूक नहीं हुई, तो ये ठग' इसी तरह छलते रहेंगे।

### ग्राम पयारी में पुलिस बल के चांदमारी अभ्यास हेतु फायरिंग रेंज घोषित

**अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली द्वारा आदेश जारी कर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वार्षिक चांदमारी अभ्यास हेतु ग्राम पयारी (हनुमान मंदिर के पास) चौकी फुनगा थाना भालूमाड़ा में 31 जनवरी से 5 फरवरी तक के लिए फायरिंग रेंज घोषित किया गया है। उक्त अवधि में फायरिंग रेंज के 4 कि.मी. की परिधि में ग्राम के नागरिकों तथा अन्य स्थानों के नागरिकों एवं पशुओं का प्रवेश भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत पूर्णतः निषेधित रहेगा। उपरोक्त आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा-223 के तहत घरेलू गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से हो रहा व्यावसायिक उपयोग अवैध रूप से गैस रिफलिंग का भी चल रहा काम प्रशासन, पुलिस से लेकर खाद्य आपूर्ति विभाग ने साधा मौन अनूपपुर। जिले मे अवैध रिफिलगिं का कारोबार जोरों पर है। प्रशासन, पुलिस से लेकर खाद्य आपूर्ति विभाग की नाक के नीचे घरेलू गैस सिलेंडरों से छोटे गैस सिलेंडरों में गैस भरने का काम जारी है। इतना ही नहीं घरेलू गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है जो कभी भी किसी बड़े खतरे का कारण बन सकता है। इससे राजस्व की भी भारी क्षति हो रही है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाके में अधिकतर होटल, मिठाई व चाय की दुकानों में घरेलू गैस सिलेंडर का सरेआम इस्तेमाल हो रहा है। इसके बावजूद लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही। दूसरी ओर नियम यह है कि इस तरह के प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस की जगह कमर्शियल सिलेंडरों का प्रयोग किया जा सकता है। कई सालों से घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक कामों में धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। इन सिलेंडरों पर सब्सिडी जारी होने के बावजूद इनके व्यावसायिक उपयोग पर प्रतिबंध नहीं लग पाया है। कई होटल संचालकों ने व्यावसायिक गैस के कनेक्शन ले रखे हैं। वहां उनकी खपत हर महीने 4 से 5 सिलेंडर की है, मगर वे व्यावसायिक सिलेंडर की बजाए घरेलू सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं।

हालांकि कुछ होटल और चाय

# 25,820 में से 2,588 किसान धान बेचने से वंचित, 8.66 लाख क्विंटल खरीदी के बाद भी संकट, तिथि बढ़ाने को कलेक्टर को लिखा पत्र

डिंडौरी



जिले के सैकड़ों किसान आज भी अपनी मेहनत की फसल बेचने के लिए इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी की निर्धारित तिथि समाप्त हो जाने के बाद अब जिले के लगभग 2,588 पंजीकृत किसान धान विक्रय से वंचित रह गए हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते ने कलेक्टर डिण्डौरी को पत्र लिखकर धान खरीदी की तिथि आगे बढ़ाने की अपील की है।

पत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष ने उल्लेख किया है कि धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 15 सितम्बर 2025 से प्रारंभ हुआ था और अंतिम तिथि तक कुल 25,820 किसानों ने पंजीयन कराया। शासन द्वारा 1 दिसम्बर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक जिले में 23,232 किसानों से कुल 8,66,753.03 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है।

लेकिन इसके बावजूद जिले के हजारों किसान अब भी अपनी उपज बेचने से वंचित हैं। धान खरीदी की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 समाप्त होने के बाद किसानों की चिंता बढ़ गई है। जिन किसानों ने पूरी उम्मीद के साथ पंजीयन कराया था, वे अब भी समर्थन मूल्य पर अपनी फसल बेचने के लिए भटकने को मजबूर हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते ने कहा कि किसानों ने पूरे वर्ष मेहनत कर धान की फसल तैयार की है। उनकी आर्थिक स्थिति पूरी तरह इसी खरीदी पर निर्भर है। यदि धान खरीदी की अवधि आगे नहीं बढ़ाई गई तो जिले के लगभग 2,588 किसान उचित मूल्य से वंचित रह जाएंगे और उन्हें मजबूरी में अपनी फसल कम दाम पर बेचनी पड़ सकती है।

उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि किसानों के हित में धान खरीदी की तिथि बढ़ाई जाए ताकि शेष किसान भी शासन को अपनी उपज बेचकर लाभ प्राप्त कर सकें।

बता दें कि यह मांग केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य और उनकी मेहनत के सम्मान से जुड़ा विषय है। अब जिले के किसानों की निगाहें शासन के फैसले पर टिकी हैं कि उन्हें राहत मिलेगी या उनकी मेहनत का मूल्य अधूरा रह जाएगा।

## जिला पंचायत में बड़े प्रशासनिक बदलाव !

# पीएम आवास व आरटीआई प्रभारी बदले, नए दायित्वों ने बढ़ाया कयासों का माहौल




**डिंडौरी। जिला पंचायत डिंडौरी में प्रशासनिक कार्यों को अधिक सुचारू और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों के कार्य दायित्वों में संशोधन किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी जिला पंचायत डिण्डौरी द्वारा आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार यह व्यवस्था आगामी आदेश पर्यंत तक लागू रहेगी।**

### जारी आदेश के मुताबिक

जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि परियोजना अधिकारी शसी. एस. सिंह के पूर्व में सौंपे गए समस्त कार्य दायित्वों को निरस्त कर दिया गया है और उन्हें जनपद पंचायत समनापुर का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह परिवर्तन जनपद स्तर पर समन्वय और कार्य संचालन को बेहतर बनाने के लिए किया गया है।

वहीं जिला परियोजना प्रबंधक (आरजीएसए) ईश्वर प्रसाद साहू को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) शाखा से संबंधित समस्त कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही उन्हें आरटीआई शाखा से जुड़े सभी कार्यों का दायित्व भी दिया गया है और समय-समय पर सौंपे जाने वाले अन्य प्रशासनिक कार्य भी उनके अधीन रहेंगे। जिला पंचायत द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और इसे कलेक्टर महोदया द्वारा अनुमोदित किया गया है। जिला पंचायत के इस निर्णय से जनपद पंचायत स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कार्यों में गति लाने और आरटीआई से संबंधित प्रकरणों के त्वरित निराकरण में मदद मिलने की संभावना है।

# महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम




**डिंडौरी। महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति सोशल डेवलपमेंट सेंटर द्वारा संचालित शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र द्वारा मद्य निषेध संकल्प को मजबूत करने हेतु मंडला बस स्टैंड, डिंडोरी में व्यापक नशा मुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के समूहों के बीच नशा मुक्ति प्रश्नोत्तरी, लघु नाटक, तथा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। बाजे–गाजे के साथ निकाली गई यह रैली बस स्टैंड परिसर में नशा विमुक्ति का संदेश देती हुई आगे बढ़ी और लोगों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का स्वागत किया। नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से एक कैंडल मार्च भी निकाला गया, जिसने बस स्टैंड क्षेत्र में उपस्थित जनसमूह का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कैंडल मार्च के दौरान महिलाओं और आम नागरिकों को नशामुक्त समाज के लिए प्रेरित करते हुए संदेश दिए गए। कार्यक्रम का प्रभाव ऐसा रहा कि बड़ी संख्या में लोग स्वतः ही इसमें शामिल होते चले गए और पूरे समय वातावरण जागरूकता एवं उत्साह से भरा रहा।

# डिंडौरी में विकास कार्य सिर्फ कागजों में! मौके पर कुछ नहीं, अब दोषियों से 2.15 लाख की वसूली होगी

**डिंडौरी।** समनापुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत चादंरानी में निर्माण कार्यों के नाम पर शासकीय राशि के दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है। वहीं मामले को लेकर जिला पंचायत डिंडौरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी (पंचायत) न्यायालय ने सरपंच और सचिव पर कुल 2 लाख 15 हजार रुपये की वसूली का आदेश पारित किया है। यह आदेश मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 के तहत जारी किया गया।



### जारी आदेश के मुताबिक

प्रकरण में उल्लेख किया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर द्वारा रिट याचिका क्रमांक 14593/2018 में पारित निर्णय के अनुपालन में शासन द्वारा धारा 89 में संशोधन किया गया था। इसके बाद म.प्र. राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 606 दिनांक 30 नवम्बर 2022 के माध्यम से ग्राम पंचायत मामलों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को विहित प्राधिकारी नियुक्त किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समनापुर द्वारा पत्र क्रमांक/ज.पं.शि.शा./2025/280 दिनांक 28 अक्टूबर 2025 के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि ग्राम पंचायत भवन में गेट निर्माण कार्य एवं सीसी रोड निर्माण कार्य में शासकीय राशि का गबन किया गया है। इस शिकायत की जांच जनपद स्तरीय जांच समिति द्वारा कराई गई। समिति ने 16 अक्टूबर 2025 को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें पाया गया कि ग्राम पंचायत भवन में गेट निर्माण के नाम पर मार्च 2025 में 50,500 रुपये की राशि आहरित की गई, लेकिन निरीक्षण के दौरान मौके पर कोई गेट नहीं मिला। इससे राशि के गबन की पुष्टि हुई। इसी प्रकार सीसी रोड निर्माण कार्य दिगम्बर के घर से शिव मंदिर तक के लिए जून और जुलाई 2025 में कुल 1,64,500 रुपये की राशि निकाली गई, लेकिन जांच में मौके पर कोई कार्य नहीं पाया गया। समिति ने इसे सरपंच और सचिव की मिलीभगत से शासकीय राशि के दुरुपयोग का मामला माना। जांच में कुल 2,15,000 रुपये की राशि के गबन की पुष्टि होने के बाद न्यायालय ने इसे बराबर-बराबर विभाजित करते हुए सरपंच मायावती परस्ते एवं सचिव प्रतिभा वाटिया से प्रत्येक से 1,07,500 रुपये की वसूली निर्धारित की। प्रकरण में दोनों को सुनवाई के लिए 16 जनवरी 2026 एवं 22 जनवरी 2026 को दो अवसर दिए गए। दोनों ने संयुक्त रूप से लिखित जवाब प्रस्तुत किया, लेकिन अपने पक्ष में कोई ठोस दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। न्यायालय ने माना कि पर्याप्त अवसर के बावजूद प्रमाण न दे पाना आरोपों की पुष्टि करता है और राशि वसूली योग्य है। बता दें कि आदेश में निर्देश दिए गए हैं कि सात दिवस के भीतर राशि जमा नहीं करने पर पंचायत राज अधिनियम की धारा 92 एवं मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न

डिंडौरी।

कलेक्ट्रेट सभागार में आज सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डिंडौरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, डिंडौरी जनपद पंचायत अध्यक्ष आशा सिंह, मेंहदवानी जनपद पंचायत अध्यक्ष रामप्रसाद तेकाम, अमरपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष हन्नु पट्टा और कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह, अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, कार्यपालन यंत्री विद्युत मंडल राकेश बघेल सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिधि उपस्थित रहे।



### जिले के मध्यम, लघु बहुउद्देशीय परियोजनाओं की समीक्षा

बैठक में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण अंतर्गत नर्मदा अपर परियोजना, राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना और बसनिया बहुउद्देशीय परियोजना की विस्तृत समीक्षा की गई। सांसद श्री कुलस्ते ने निर्देश दिए कि इन परियोजनाओं से किसानों तक शीघ्र लाभ पहुंचे। जल संसाधन विभाग की योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति पर चर्चा करते हुए सांसद ने कहा कि बांधों का पानी नहरों के माध्यम से समय पर किसानों के खेतों तक पहुंचे, इसे प्राथमिकता पर रखा जाए। साथ ही साथ मुडकी जलाशय, दनदना जलाशय, केवलारी जलाशय, मोहदा, भवरखंडी जलाशय, कुकर्रा एवं देवलपुर जलाशय से नहरों की व्यवस्थित मरम्मत कार्य की जाए जिससे किसानों को समय पर नियमित रूप पानी उपलब्ध हो सके।

### राष्ट्रीय राजमार्ग और पुल निर्माण पर गुणवत्ता पर जोर

राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन यंत्री को सख्त निर्देश दिए हैं कि नर्मदा नदी और सिलगी नदी पर अन्य सडक की तुलना में प्राथमिकता के साथ पुल का निर्माण किया जाए ताकि बरसात के पूर्व पुल का निर्माण कार्य पूर्ण हो सके। साथ ही साथ कहा कि जबलपुर से अमरकंटक राष्ट्रीय राजमार्ग-45 निर्माणाधीन है जिसकी गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य किया जाए। और गाडासरई, समनापुर, मोहतरा, करंजिया बायपास रोड, गाडासरई सागर टोला पर व्यवस्थित अंडर क्रॉस रोड तैयार किया जाए ताकि आवागमन और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। और रोड के दोनों तरफ सांकेतिक बोर्ड लगाए जांए ताकि आवागमन में किसी भी प्रकार का असुविधा न हो।

### विद्यालय एवं शासकीय भवन निर्माण की समीक्षा

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने पीआईयू और हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि विद्यालय का निर्माण डीपीआर के अनुसार गुणवत्तायुक्त किया जाए। साथ ही नरिया सांदिपनी विद्यालय एवं राष्ट्रीय प्राधिकरण जबलपुर से समन्वय स्थापित कर नरिया सांदिपनी विद्यालय का पहुंच मार्ग का निराकरण किया जाए जिसका प्रस्ताव कलेक्टर के माध्यम से तैयार कर प्रस्तुत करें ताकि केन्द्र सरकार से निराकरण किया जा सके। पीएचई, डीपीसी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जल निगम, जिला शिक्षा अधिकारी समन्वय के साथ जिले के प्रत्येक छात्रावास, विद्यालय, आंगनवाडी, आश्रम में पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाए ताकि विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को असुविधा न हो। उपसंचालक कृषि ने बताया कि ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से जिले के रजिस्टर्ड किसानों ही खाद बीज उपलब्ध हो सकेगा। जिस पर विधायक ओमकार सिंह मरकाम एवं चमरू सिंह नेताम ने बताया कि अभी ग्रामीण क्षेत्र के किसान मोबाइल चलाने में असक्षम हैं इसलिए उन्हें खाद बीज नगद उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए ताकि किसानों को समय पर खाद बीज प्राप्त हो सके। सांसद श्री कुलस्ते ने आयुष्मान अधिकारी और जनजातीय कार्य विभाग अधिकारी , विद्युत अधिकारी, प्रधानमंत्री सडक को धरती आबा के अंतर्गत प्रस्तावित सडकों को ग्रामीण क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ तैयार किया जाए। सांसद ने विद्युत अधिकारी को सख्त निर्देश दिए हैं कि जिन ग्राम पंचायतों में बिल भुगतान के अभाव में विद्युत सप्लाई बंद कर दिए हैं वहां विद्युत सप्लाई चालू किया जाए केवल उन हितग्राहियों की सप्लाई बंद की जाए जिनका विद्युत बिल भुगतान नहीं किया जा रहा है। बैठक के दौरान सांसद श्री कुलस्ते ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता पर निरंतर निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्माण कार्य में ढिलाई या लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने अंत में 30 जनवरी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले में नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों ने नशा न करने और दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक है, इससे दूर रहकर ही स्वस्थ और समृद्ध समाज का निर्माण संभव है।

# डूब क्षेत्र के किसानों के लिए सरकार का बड़ा सरप्राइज अब मिलेगा 12.50 लाख प्रति हेक्टेयर मुआवजा

डिंडौरी।

नर्मदा घाटी विकास विभाग द्वारा अपर नर्मदा परियोजना, राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना एवं बसानिया बहुउद्देशीय परियोजना से प्रभावित भू-विस्थापित परिवारों के लिए विशेष पुनर्वास पैकेज की घोषणा की गई है। यह निर्णय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए फैसले के क्रम में लागू किया गया है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में आयोजित दिशा बैठक में इस पैकेज पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

विशेष राहत पैकेज के तहत डूब क्षेत्र की निजी भूमि के अर्जन के लिए किसानों को दो विकल्प प्रदान किए गए हैं। भू-अर्जन अधिनियम 2013 के तहत निर्धारित मुआवजा अथवा 12.50 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से एकमुश्त राशि में से जो भी अधिक होगा, वही भुगतान किया जाएगा। इसके साथ ही अर्जित भूमि पर स्थित कुओं के लिए 2 लाख रुपये और ट्यूबवेल के लिए 1 लाख रुपये का विशेष पैकेज अथवा अधिनियम के अनुसार मुआवजा देय होगा। झोपड़ी, शेड और वृक्षों का मुआवजा भी नियमानुसार प्रदान किया जाएगा।पुनर्वास को सरल और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से विस्थापित परिवारों के लिए एकमुश्त अनुदान की भी व्यवस्था की गई है। शहरी क्षेत्र में भूखंड मिलने की स्थिति में 6.50 लाख रुपये और ग्रामीण क्षेत्र में भूखंड मिलने की स्थिति में 7 लाख रुपये का पुनर्वास अनुदान दिया जाएगा। यदि पात्र परिवार भूखंड नहीं लेना चाहता, तो उसे 12.50 लाख रुपये का एकमुश्त पुनर्वास अनुदान प्रदान किया जाएगा। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के परिवारों को अतिरिक्त 50 हजार रुपये की विशेष सहायता भी दी जाएगी।शासन ने विस्थापितों को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की है कि आपसी सहमति से होने वाले भूमि अर्जन के पंजीकरण पर कोई स्टाम्प शुल्क या पंजीकरण शुल्क नहीं लगेगा। वेंडर सेवा शुल्क का भुगतान भी नर्मदा घाटी विकास विभाग द्वारा स्वयं किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस विशेष पैकेज का लाभ किसानों एवं प्रभावित परिवारों की लिखित सहमति के आधार पर ही दिया जाएगा। जो परिवार इस पैकेज का चयन नहीं करना चाहते, उनके लिए भू-अर्जन अधिनियम 2013 के तहत अनिवार्य मुआवजा प्राप्त करने का विकल्प खुला रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र के हजारों प्रभावित परिवारों को बेहतर आर्थिक सुरक्षा और पुनर्वास का लाभ मिल सकेगा। बैठक के दौरान डिंडौरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर अमरकंटक में पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया स्मरण

**अमरकंटक।** शहीद दिवस के अवसर पर शुक्रवार 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पवित्रनगरी अमरकंटक में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नर्मदा मंदिर के सामने, मां नर्मदा नदी के दक्षिण तट स्थित गांधी कुंड पर स्थापित गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर बापू को विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं मानवता के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। पुण्यतिथि के अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी आदरांजलि अर्पित की गई, तत्पश्चात गांधी जी के जयघोष एवं नारों का उद्घोष किया गया। उपस्थित नागरिकों ने अपने-अपने शब्दों में महात्मा गांधी के विचारों को स्मरण करते हुए उन्हें जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से पत्रकार धनंजय तिवारी, पंडित राजेश पाठक, पवन दुबे, संतोष तिवारी, रमाकांत सेन, अभिलाष कोली सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पंडित राजेश पाठक द्वारा संस्कृत मंत्रोच्चारण एवं श्लोक पाठ के साथ दीप प्रज्वलन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का पुण्य स्मरण किया गया।

**In Court Of II Additional District Judge, District Court, Dindori**
**Presiding Officer: शिव कुमार कौशल**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCS HM/0000009/2025)

सुजीत कुमार तिवारी.................वादी Vs
श्रीमती साक्षी तिवारी......................प्रतिवादी

Process Id- /2026
पेशी दिनांक :- 26/02/2026

प्रेषिती–
(1) श्रीमती साक्षी तिवारी पिता शांति प्रसाद व पति सुजीत कुमार तिवारी उम्र 25 वर्ष पता- निवासी ग्राम व पोस्ट छांटा थाना डिण्डौरी तहसील व जिला डिण्डौरी म.प्र.

यह कि प्रार्थी सुजीत कुमार तिवारी ने आपके विरूद्ध अंतर्गत धारा 13 क हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 27 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

मुद्रा
शिव कुमार कौशल
द्वितीय जिला न्यायाधीश
डिण्डौरी (म. प्र.)

कृपया ध्यान दें:-1. यदि किसी कारणवश न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### विशाल चुनरी यात्रा का हुआ स्वागत



तेंदूखेड़ा गुरुवार को सागर जिले के ग्राम टडा केसली से एक विशाल चुनरी पैदल यात्रा निकाली गई जो माघ पूर्णिमा के अवसर पर भगवान ब्रह्मा की तपस्थली ब्रह्माण्ड घाट में जाकर संपन्न होगी।यह चुनरी यात्रा शुक्रवार को तेंदूखेड़ा पहुंची जहां यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। सभी पदयात्रियों को चाय पानी नास्ता की जोरदार व्यवस्था की गई। यात्रा का अगला पड़ाव ग्राम डोभी में रात्रि विश्राम होगा शनिवार को यात्रा बरमान पहुंचेगी।

### तीन माह से वेतन नहीं मिला।

**गोटेगां।** गोटेगांव नगर पालिका परिषद की आर्थिक स्थिति वर्तमान में डांवाडोल हो गई है।जिससे नगरीय निकाय गोटेगांव के कर्मचारियों का विगत तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है जिससे कर्मचारियों में मायूसी छाई हुई है।स्मरण हो कि माह फरवरी से चौथा माह भी आरंभ हो रहा है जिससे कर्मचारियों की गृहस्थी डगमगा रही है।सफाई कर्मचारी, राजस्व शाखा के कर्मचारी, साथ ही नगरपालिका के सभी कर्मचारियों का बीते तीन माह से वेतन न मिलना शासन की हठधर्मिता दर्शा रहा है।कर्मचारियों का घर बार कैसे चलेगा।इस संबंध में जब गोटेगांव देशबंधु प्रतिनिधि ने जबलपुर संयुक्त संचालक नगरीय विकास विभाग से फोन पर जानकारी ली तो उनका कहना था कि पहले गोटेगांव नगर पालिका परिषद में टैक्स की समीक्षा की जाएगी फिर उसके बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।मगर इतना छोटे कर्मचारियों के वेतन को रोकना नगर में जन चर्चा का विषय बनता जा रहा है।वहीं देखा जा रहा है कि कार्य सभी हो रहे हैं जैसे नगर की साफ सफाई,टेक्स वसूली,निर्माण कार्य आदि सभी हो रहे हैं मगर सिर्फ कर्मचारियों की पगार नहीं हो रही है।लोगों ने इतना तक बताया और देखा गया कि जिला नरसिंहपुर में एक गोटेगांव की ही नगर पालिका है जहां पर कर्मचारियों का तीन माह से वेतन नहीं मिला।उल्लेखनीय है कि अधिकारी और कर्मचारियों का वेतन अभी समाचार लिखे जाने तक लंबित है।अब कर्मचारी लोग अपना जीवन यापन कैसे कर रहे होंगे ये तो उनका परिवार और वो कर्मचारी ही जानें।शासन और संबंधित अधिकारियों से इस ओर ध्यान देने का आग्रह किया है।

### किशोरी से दुष्कर्म, सात आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीते दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी के ग्राम बकोरी मे किशोरी को साथ सात लोगों द्वारा दुष्कर्म की की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियो के विरूद्ध पॉक्सो एक्ट एंव विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर सभी अरोपियों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### नवागत जिला शिक्षा अधिकारी ने लिया प्रभार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नवागत जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुशवाहा ने कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। मूल पद प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बचई एवं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर का अस्थायी प्रभार दिया गया। उक्त आदेश आयुक्त लोक शिक्षण मध्य प्रदेश द्वारा जारी किया गया।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# नशा-मुक्त जीवन स्वस्थ समाज व सुरक्षित भविष्य का आधार: मंत्री श्री पटेल







**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को मद्य निषेध संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके साथ ही उन्होंने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की मूर्ति पर माल्यार्पण भी किया। मंत्री श्री पटेल ने मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारी- कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों और विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर एमएएनएएस 1933 के पोस्टर का विमोचन भी किया।

#### नशा मनुष्य को अपंग बनाता है: मंत्री

नशा मुक्त भारत अभियान के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि नशा आर्थिक, सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक रूप से अपंग बनाता है। नशा मानवीय प्रवृत्ति को दानवी प्रवृत्ति में बदल देता है। हमें इसके खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। यह व्यक्ति की सोच, संवेदना और विवेक को धीरे-धीरे खत्म कर देता है। नशे की गिरफ्त में आया इंसान सही-गलत का भेद भूल जाता है, परिवार और समाज से कटने लगता है और कई बार स्वयं के लिए भी खतरा बन जाता है। नशा केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि चरित्र, संबंध और भविष्य- तीनों को प्रभावित कर देता है। नशा-मुक्त जीवन ही स्वस्थ समाज, सशक्त परिवार और सुरक्षित भविष्य का आधार है।

#### नशा मुक्ति रैली को दिखाई हरी झंडी

इस अवसर पर मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत स्कूली छात्र- छात्राओं, स्वयंसेवकों सहित आम नागरिकों की रैली को हरी झंडी दिखाकर गांधी चौराहा नरसिंहपुर से रवाना किया। यह रैली गांधी चौक से सुभाष चौक से होते हुए स्टेडियम पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, रामसनेही पाठक, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, सुनील कोठारी, श्रीमती निशा सोनी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शिवकुमार रैकवार, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, गणमान्य नागरिक और विद्यार्थी मौजूद थे।

### गांवों को आत्मनिर्भर बनाना सरकार का लक्ष्य



पुरानी कृषि उपज मंडी करेली में वी.बी.जी. राम जी योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन भव्य रूप से किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल उपस्थित रहे। उनके साथ पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिज्ञा परिहार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मंचासीन रहे सम्मेलन को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि वि.बी.जी. राम जी योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी एवं दूरदर्शी योजना है, जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के श्रमिकों को 125 दिनों का सुनिश्चित रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल अस्थायी मजदूरी का माध्यम नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य गांवों को आत्मनिर्भर बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना है। मंत्री पटेल ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि गांव में रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति सम्मानजनक जीवन यापन कर सके। वि.बी.जी. राम जी योजना के माध्यम से जल संरक्षण, सड़क, तालाब, खेत मेड़, पौधारोपण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे एक ओर रोजगार सृजन होगा तो दूसरी ओर गांवों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा उन्होंने ग्रामीणजनों से योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, पंचायत प्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष दुबे एवं आभार जनपद अध्यक्ष प्रतिज्ञा परिहार ने किया।

# रासेयो वार्षिक शिविर का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के निर्देशन में एम.आई.एम.टी. कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना पुरूष एवं महिला इकाई के संयुक्त तत्वाधान में समीपस्थ ग्राम तिंदनी (धुबघट गौंड़ी) में दिनांक 30 जनवरी से 05 फरवरी 2026 तक सात दिवसीय वार्षिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के रासेयो समन्वयक डॉ. शोभाराम मेहरा एवं एम.आई.एम.टी. के चेयरमैन इंजी रुद्रेश तिवारी के निर्देशन एवं रासेयो जिला संगठक डॉ. दिलीप पाठक के मार्गदर्शन में संचालित वार्षिक शिविर का शुभारंभ ग्राम के वरिष्ट नागरिक युवराज पटेल, मालक सिंह पटेल, श्रीमती वर्षा लोधी सरपंच एवं श्रीमती मंजू लता लोधी जिला अध्यक्ष महिला लोधी समाज के आतिथ्य, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग की अध्यक्षता एवं एन.सी.सी. अधिकारी मेजर डॉ. पराग नेमा की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग द्वारा रासेयो की अवधारणा, रासेयो के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। मेजर डॉ. पराग नेमा ने रासेयो स्वयंसेवकों की समाज में भूमिका, व्यक्तित्व विकास तथा समाज निर्माण की दिशा में युवाओं की भूमिका विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। श्रीमती मंजू लता लोधी ने कविता के माध्यम से रासेयो स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। इसके पूर्व शिविर का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं रासेयो के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुये महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती आराधना दुबे द्वारा सात दिवसीय रासेयो शिविर कार्यक्रम की कार्य योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य दल नायक वेदांत दुबे द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### ग्राम चलाया गया स्वच्छता अभियान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा शासकीय हाईस्कूल तथा एकीकृत माध्यमिक शाला खापा के विद्यार्थियों के साथ संयुक्त रूप से ग्राम खापा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 11 बजे स्वयंसेवकों एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजलि दी गई तथा दो मिनट का मौन धारण किया गया। कार्यक्रम के उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा परियोजना कार्य किया गया, जिसके अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही बौद्धिक सत्र में पर्यावरणीय शिक्षा एवं डिजिटल साक्षरता विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। यह सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम अधिकारी एस. के. बक्सी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। शिविर में एकीकृत माध्यमिक शाला खापा शेड के शिक्षकों सहित गेंदालाल काछी, किशन गोंड, महेश कहार आदि का सराहनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के किसानों ने कुछ समय के लिए किया एन एच जाम



**तेंदूखेड़ा** राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एस डी एम कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर 21 जनवरी से बैठे हुए हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संघ ने क्रमिक अनशन के उपरांत 30 जनवरी को महापंचायत का ऐलान किया था। और अधिकारियों को यह भी अवगत कराया था कि इसमें हालात कुछ भी हो सकते हैं लेकिन अधिकारियों ने किसानो को हल्के में लिया और महापंचायत में किसानों की बात सुनने के लिए केवल नायब तहसीलदार को ज्ञापन लेने के लिए भेज दिया कृषक भड़क गए और राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग की एक लाइन पर धरना देकर बैठ गये और सरकार तथा प्रशासन के अधिकारियों को सद्बुद्धि हेतु गायत्री मंत्र जाप करना शुरू कर दिया। हालात जब बिगड़ने लगे तो आनन फानन तहसीलदार आ गये काफी मान मनौव्वल के बाद किसान मान तो गये एन एच से उठ गए लेकिन वरिष्ठ अधिकारी आने उनकी बात सुनने तक की जिद पर ही धरना प्रदर्शन समाप्त करने धरना स्थल पर बैठे हुए हैं। इन मांगों को लेकर कर रहे हैं धरना प्रदर्शन चिनकी बैराज परियोजना के तहत पहले समस्या ग्रस्त ग्रामों को जोड़ा जाना था लेकिन नहीं जोड़ा गया है।जिन गांवों में पेयजल की समस्या बनी हुई है वहां पर पहले पीने के पानी और सिंचाई की व्यवस्था की जाये। किसानों को खेतों में डी ए पी खाद यूरिया की समय पर पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पा रही है। और बाहर विचौलियों द्वारा मनमाने दामों पर यूरिया बेचा जा रहा है।विद्युत विभाग द्वारा खेतों में कृषि यंत्रों और किसानों आम उपभोक्ताओं को मनमाने तरीके से घरेलू बिजली बिलों को दिया जा रहा है। जिनमें सुधार किया जाना चाहिए।राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण बंटवारा फोती प्रकरणों में हीला हवाली की जा रही है। समय सीमा में निराकरण किया जाना चाहिए। निराश्रित आवारा मवेशियों और जंगली सुअरों जानवरों की उचित व्यवस्था की जाये समय समय पर खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहें हैं।जिसका कृषकों को मुआवजा दिया जाए।किसानों को स्थानीय नदियों से रेत बजरा और मिट्टी उठाने की अनुमति दी जाये।गौ शालाओं की उचित व्यवस्थायें की जायें। किसानों के सभी प्रकार के कर्ज माफ किए जायें तथा एम एस पी गारंटी का कानून बनाया जाये।गन्ना नीति का प्रारुप प्रदेश स्तर पर बनें। शासकीय शुगर मिल की तेंदूखेड़ा में स्थापना हो। किसान मजदूरों को 60 वर्ष की आयु के बाद 10 हजार रुपए मासिक पेंशन देने की व्यवस्था हो।किसान सम्मान निधी बढ़ाकर 12 हजार रुपए प्रति एकड़ की जाये। मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना को पुनः शुरू किया जाये। विभिन्न मुद्दों को लेकर बड़ी संख्या में किसान धरने पर बैठे हुए हैं।

# महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि मनाई



**तेंदूखेड़ा** शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चाँवरपाठा द्वारा राष्टपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पूर्व विधायक संजय शर्मा के तेंदूखेड़ा स्थित निवास पर मनाई गई ।पुण्यतिथि के अवसर पर गांधी जी के चित्र पर पुष्प माल्यार्पण किया गया।इस मौके पर मनरेगा बदलाव के वैद्यानिक अधिकार समाप्त करने के विरोध में बैठक का आयोजन भी किया गया। जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने अपने अपने विचार भी रखे।इस अवसर पर विधानसभा तेंदूखेड़ा के वरिष्ठ नेता महेंद्र तिजोरीवाले कृष्ण कुमार पाठक डॉ. बसंतमनी पांडे डॉ. देवेंद्र प्रताप अजय गुप्ता वीरेंद्र मोदी कीरत पटेल राजेंद्र पटेल जगदीश उदैनिया कमल जैन धनराज पटेल राधेश शर्मा राहुल अहिंसा संतोष विश्वकर्मा यशवंत आचार्य पुरुषोत्तम राय,श चौ. पंकज सिंह श्रीकांत गुप्ता रवि नामदेव गोविंद पाली चौ. हेमेंद्र सिंह संतोष साहू टीकाराम लोधी सुरेश पटेल, ओमप्रकाश पटैल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चाँवरपाठा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## संदीपनी विद्यालय में रोजगार मेले का हुआ आयोजन



**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार सांदीपनि विद्यालय डोभी में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंचम सिंह मरावी पूर्व बीआरसी राजेश सेन हाईस्कूल मढेसुर के प्राचार्य मनीष जैन और रोजगार विकासखंड प्रभारी शिवानी प्रजापति के सानिध्य में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। सरस्वती पूजन और स्वागत की औपचारिकताओं के साथ शुरू हुये इस रोजगार मेले में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक की सभी छात्र छात्राओं को रोजगार की जानकारी देते हुए पूर्व बीआरसी वरिष्ठ शिक्षक राजेश सेन ने स्पष्ट किया कि रोजगार मेला एक ऐसा आयोजन है। जहां एक साथ विभिन्न कंपनियां स्वयं पहुंच कर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया करते हैं।युवाओं को अपनी कुशलता और योग्यता के अनुसार नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। जिस क्षेत्र में हमारी रुचि हो उस क्षेत्र में हमें आगे आना चाहिए। प्राचार्य मनीष जैन ने कहा कि हमें यह लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए कि हम किस क्षेत्र में बेहतर रोजगार हासिल कर सकते हैं। और हमारी रुचि किस तरफ है।हमें उस विषय वस्तु का अध्ययन करते हुए आगे कार्य करना चाहिए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंचम सिंह मरावी ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि रोजगार हासिल करने में सर्वप्रथम सहयोग परिवार का रहता है। यदि परिवार बच्चों की पढ़ाई के साथ साथ उन्हें रोजगार के क्षेत्र में भी मार्गदर्शन प्रदान करें तो बच्चे की रुचि शैक्षणिक क्षेत्र के साथ रोजगार तलाश करने के क्षेत्र में भी दिखने लगती है। वह बच्चे आगे चलकर बेहतर रोजगार स्थापित करेंगे। इस रोजगार मेला में संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## हिंदू समाज को संगठित होकर हमारी सनातन संस्कृति बचाने की जरूरत





**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा में हिन्दू सम्मेलन रामलीला मैदान परिसर में संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में सभी वर्गों के लोगों ने अपनी अपनी सहभागिता दर्ज कराई और नगर के मुख्य मार्गों से एक विशाल जन जागरण रैली भी निकाली गई।भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण पूजन के अतिथि सत्कार से साथ के शुरू हुये इस सम्मेलन में नगर पुरोहित सदगुरु वेद विद्या पीठ के संचालक चंद्रकांत चौबे पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट में विराजमान संत अमर दास महाराज जिला प्रचारक रवि दत्त जी ब्रह्मकुमारी बहिन किरण दीदी एवं श्रीमती आनंदधारा जैन प्रमुख रुप से मंचाशीन रहे।इस दौरान श्रीमती आनंद धारा जैन ने कुटुम्ब प्रबंधन विषय पर काफी विस्तार से अपनी बात रखते हुए संगठित और संयुक्त परिवार में रहने के फायदे बच्चों को संस्कारवान बनाने जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं ब्रह्मकुमारी बहिन किरण दीदी ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर प्रकृति को मां का दर्जा देते हुए पंच तत्वों से बनीं इस प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने से होने वाले नुकसान और बढ़ते प्रदूषण प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की।संत अमरदास जी महाराज ने सनातन धर्म को ही सत्यता निरुपित करते हुए विध्वंस कारी ताकतों के द्वारा अपने निजी स्वार्थों पर चर्चा की। जिला प्रचारक रवि दत्त जी ने हिंदू सम्मेलन की उपयोगिता और हमारे सिकुड़ते क्षेत्रफल नौ राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यकों में आने परेशानी के हिसाब बनें संगठनों घर चलाने से लेकर देश चलाने स्वदेशी अपनाने भाषा भूषा भ्रमण संस्कृति भोजन संविधान का पालन करने नियम और कानून बर्बादी रोकने जैसे विषयों पर काफी विस्तार से चर्चा की।सम्मेलन का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर अपनी सहभागिता निभाई।